अखंड भारत समाचार

पेज़ 05 मूल्य 4 रुपए सोमवार,02 मार्च 2026 प्रकाशित – न्यू दिल्ली अंक:02

विज्ञापन दें

विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें 8708565733

ईरान में न्यूक्लियर रेडिएशन अलर्ट, IAEA ने कहा- कई शहरों को कराना पड़ सकता है खाली

ईरान में जारी तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने गहरी चिंता जताई है. उन्होंने बताया कि ईरानी परमाणु नियामक अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिशें अब तक विफल रही हैं और कोई जवाब नहीं मिला है. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) प्रमुख राफेल ग्रॉसी ईरान के परमाणु नियामक अधिकारियों से संपर्क करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं. ईरान में मौजूदा सैन्य तनाव के की वजह से अब तक इन अधिकारियों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है.

ग्रॉसी ने ईरान और अन्य संबंधित पक्षों से सभी सैन्य अभियानों में अत्यंत संयम बरतने की गुजारिश की है. क्षेत्र में बढ़ते तनाव को देखते हुए परमाणु एजेंसी इस संवाद को जल्द से जल्द बहाल करना चाहती है IAEA के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने बताया कि वे लगातार ईरानी परमाणु नियामक अधिकारियों तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं. हालांकि, अब तक उन्हें कोई जवाब नहीं मिला है. ग्रॉसी के मुताबिक, यह संपर्क चैनल बेहद जरूरी है. वे उम्मीद कर रहे हैं कि बातचीत का यह माध्यम जल्द से जल्द फिर से स्थापित हो सके, जिससे स्थिति की गंभीरता को समझा जा सके और परमाणु सुरक्षा से जुड़े मामलों पर नजर रखी जा सके.ग्रॉसी ने जोर देते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि सभी पक्ष वापस कूटनीति और बातचीत की मेज पर लौटें, जिससे और ज्यादा तनाव से बचा जा सके..

Israel Iran War: जंग के बीच पीएम मोदी ने नेतन्याहू को लगाया फोन, ईरान से युद्ध पर कह दी बड़ी बात, UAE के राष्ट्रपति से भी की बात

ऐसे समय जब ईरान और इजारयल के बीच भीषण जंग चल रही है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की है। पीएम मोदी ने इस बात चीत में आम लोगों की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। इजरायल-ईरान जंग के बीच अब भारत एक्टिव हो गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन कर मौजूदा हालात पर बात की है। उन्होंने आम आदमी की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि दुश्मनी को जल्द खत्म करने की जरूरत है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि नेतन्याहू के साथ टेलीफोन पर बात की और हाल के घटनाक्रम पर भारत की चिंताएं बताईं और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी।

प्रधानमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि अभी के इलाके के हालात पर बात करने के लिए PM बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात हुई। हाल के घटनाक्रम पर भारत की चिंताएं बताईं और आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। भारत लड़ाई जल्द खत्म करने की जरूरत पर फिर से जोर देता है। पीएम मोदी ने अपने एक पोस्ट में संयुक्त अरब अमीरात का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि यूनाइटेड अरब अमीरात के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से बात की और UAE पर हाल ही में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। बातचीत में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया।

X पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने UAE के साथ भारत की एकजुटता दिखाई। उन्होंने कहा कि UAE के प्रेसिडेंट मेरे भाई शेख मोहम्मद बिन ज्याद अल नाहयान से बात की। UAE पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की और इन हमलों में हुई जानमाल के नुकसान पर दुख जताया। भारत इस मुश्किल समय में UAE के साथ एकजुटता में खड़ा है। UAE में रहने वाले भारतीय समुदाय का ख्याल रखने के लिए उनका धन्यवाद किया। हम तनाव कम करने, इलाके में शांति, सुरक्षा और स्थिरता का समर्थन करते हैं।

भारत में कौन रच रहा पाकिस्तान वाला प्लान? ईरान-इजरायल जंग के बीच बड़ा खुलासा, अलर्ट पर खुफिया एजेंसी

मध्य पूर्व में ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच छिड़ी विनाशकारी जंग की आंच अब भारत तक पहुंचने का खतरा मंडरा रहा है. खुफिया एजेंसियों ने एक बड़ा खुलासा करते हुए अलर्ट जारी किया है कि भारत में भी 'पाकिस्तान जैसी' हिंसक साजिश रची जा सकती है. पड़ोसी देश पाकिस्तान में हाल ही में भीड़ द्वारा अमेरिकी दूतावासों पर किए गए हमले (जिसमें सेना की फायरिंग से 35 लोग मारे गए) से सबक लेते हुए, दिल्ली पुलिस ने राजधानी में मौजूद अमेरिका, इजरायल और ईरान के दूतावासों को छावनी में तब्दील कर दिया है. प्रदर्शनों पर पूर्ण पाबंदी लगा दी गई है. भारतीय खुफिया एजेंसियों की इस जबरदस्त मुस्तैदी के पीछे पड़ोसी देश पाकिस्तान में घटा हालिया खौफनाक मंजर है. दरअसल, खमेनेई की मौत और मध्य पूर्व के तनाव को लेकर पाकिस्तान के कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में हजारों की हिंसक भीड़ ने सीधे अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों (US CONSULATES) के बाहर जुटकर हमला बोल दिया था. हालात इतने बेकाबू हो गए थे कि उपद्रवियों को रोकने के लिए पाकिस्तानी सेना को सीधे तौर पर फायरिंग करनी पड़ी. इस भीषण गोलीबारी में 35 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी. खुफिया एजेंसियों को इसी बात का डर है कि भारत में भी कुछ संगठित गुट और असामाजिक तत्व शांतिपूर्ण प्रदर्शन की आड़ में भीड़ को भड़का कर ऐसी ही 'तबाही की स्क्रिप्ट' लिखने की कोशिश कर सकते हैं. रैपिड एक्शन फोर्स (RAF) तैनात कर दी गई है. दूतावासों और कूटनीतिक क्षेत्रों (DIPLOMATIC ENCLAVE) के आसपास किसी भी प्रकार के धरने, प्रदर्शन या भीड़ के जुटने पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी गई है.

इजरायल-अमेरिका के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

ईरान युद्ध पर पूरी दुनिया की नजरें टिकी हैं. इजरायल और अमेरिका के ताबड़तोड़ हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई. खामेनेई की मौत ने मिडिल ईस्ट की आग को बेकाबू कर दिया है. एक और इजरायल और अमेरिका ईरान में मिसाइल अटैक कर रहा है वहीं ईरान भी जमकर पटलवार कर रहा है. ईरान ने इजरायल के अलावा खाड़ी के उन देशों को भी टारगेट किया है, जहां अमेरिका के सैन्य ठिकाने हैं. ईरान की मिसाइलों ने दुबई, कुवैत, बहरीन, कतर और ओमान जैसे देशों के आसमान को लाल कर दिया है, तो उधर व्हाइट हाउस से राष्ट्रपति ट्रंप के सख्त आदेशों ने युद्ध की दिशा बदल दी है. ईरान युद्ध से जुड़े बड़े अपडेट्स

ईरान का दावा: 27 अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन से हमला.
बड़ी क्षति: दुबई और ओमान में कई ठिकानों को निशाना बनाया गया, शेयर बाजार बंद.
अमेरिका की चेतावनी: राष्ट्रपति ट्रंप ने और भी घातक हमलों के संकेत दिए.
भारतीयों के लिए अलर्ट: विदेश मंत्रालय स्थिति पर नजर बनाए हुए है. CBSE परीक्षाएं स्थगित.

खामेनेई को मारकर भी डोनाल्ड ट्रंप का मकसद अधूरा, ईरान से अमेरिका के लिए बुरी खबर क्या?

Israel-Iran War News: ईरान पर दोहरी मार पड़ी है. अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर अटैक किया है. इस अटैक में खामेनेई की मौत हो चुकी है. ईरान के अन्य टॉप लीडर भी मारे जा चुके हैं. अमेरिकी अटैक से ईरान धुआं-धुआं हो गया है मगर अमेरिका का मुख्य मकसद अब भी अधूरा है. जी हां, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का मकसद रिजीम चेंज है जो अब तक ईरान में नहीं हो पाया है. पहले ट्रंप ने कहा था कि युद्ध चार दिनों तक चलेगा, मगर अब वह चार हफ्तों की बात कर रहे हैं. इस अटैक में खामेनेई समेत टॉप नेताओं की मौत हो गई. अब सवाल है कि आखिर डोनाल्ड ट्रंप ने यह अटैक करवाया क्यों? इसका जवाब सीधा है और साफ है- रिजीम चेंज. जी हां, अमेरिका किसी भी हाल में खामेनेई को सत्ता से हटाना चाहता था. वह ईरान में रिजीम चेंज चाहता है. ईरान में रिजीम चेंज करने के लिए ही अमेरिका ने ईरान पर अटैक किया डरा-धमकार कर ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई को झुकाने की कोशिश की. मगर जब खामेनेई झुकने को तैयार नहीं हुए तो अमेरिका ने उनके कत्ल का ही प्लान बना लिया.

संजू सैमसन की बदौलत वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में भारत

आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-8 के आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज को हराकर भारत ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है.

वेस्टइंडीज ने भारत के सामने जीत लिए 196 रन का लक्ष्य रखा था. इसे भारतीय टीम ने 19.2 ओवर में पांच विकेट गंवाकर हासिल कर लिया.

भारत की जीत के हीरो संजू सैमसन रहे जिन्होंने 50 गेंद में 97 रन की नाबाद पारी खेली. संजू सैमसन को इस पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया.

भारत छठी बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहा है.

अब पांच मार्च को मुंबई के वानखेड़े मैदान पर भारत की टक्कर दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी. 197 रन के लक्ष्य का भारत ने इस लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरुआत खराब रही और भारत ने दो विकेट जल्दी गंवा दिए.

ओपनर अभिषेक शर्मा 11 गेंद में 10 रन बनाकर पवेलियन वापस लौट गए. अकील हुसैन ने अभिषेक का विकेट लिया..

खामेनेई की मौत से खुश एक्ट्रेस मंदाना, ईरान छोड़कर भारत में रहकर कर रहीं गुजारा

अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद से ईरान में इस समय तबाही का मंजर है. अमेरिका और इजरायल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की भी मौत हो गई है. खामेनेई की मौत से ईरानी एक्ट्रेस मंदाना करीमी काफी खुश हैं. वो लगातार सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करके अपनी खुशी जाहिर कर रही हैं. हालांकि, मंदाना अपने देश के लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंतित भी हैं. सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट वायरल हो रहे हैं, जिसपर उन्हें ट्रोलिंग भी झेलनी पड़ रही है. कुछ लोग मंदाना को उनके देश लौटने की सलाह दे रहे हैं, क्योंकि वो बीते कई सालों से इंडिया में रह रही हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि मंदाना पहले भी कई दफा सुर्खियों में रह चुकी हैं. उनका नाम कई कंट्रोवर्सी से जुड़ चुका है. तो आइए जानते हैं कि मंदाना करीमी कौन हैं और वो क्यों ईरान छोड़कर भारत में बस गई हैं.

'द केरल स्टोरी-2': एक फ़िल्म से क्या राज्य का सामाजिक ताना-बाना बिखर सकता है?

'केरल हाई कोर्ट की एक डिवीज़न बेंच ने फ़िल्म 'द केरल स्टोरी-2' की स्क्रीनिंग की इजाज़त दे दी है.

विशेषज्ञों का मानना है कि क़ानूनी लड़ाई के बाद फ़िल्म- 'द केरल स्टोरी 2 : गोज़ बियॉन्ड' की रिलीज़ से आने वाले विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदों को शायद ज़्यादा मदद न मिले, लेकिन यह भविष्य में केरल में ध्रुवीकरण के बीज बोने में मदद करेगी, जिसका असर आख़िरकार राज्य की सामाजिक और राजनीतिक दशा पर पड़ेगा.
फ़िल्म के टाइटल में 'केरल' राज्य के नाम का इस्तेमाल ख़ुद हाई कोर्ट के सामने झगड़े का मुद्दा बन गया था.
केरल हाई कोर्ट की एक डिवीज़न बेंच ने चौबीस घंटे से भी कम समय में दूसरी बार बैठकर, सिंगल जज के लगाए गए स्टे को हटा दिया और फ़िल्म की स्क्रीनिंग की इजाज़त दे दी.
यह नई फ़िल्म 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है, जो मई 2023 में कर्नाटक विधानसभा चुनावों से ठीक पहले रिलीज़ हुई थी, जिसमें कांग्रेस की जीत हुई थी.

Reg.by Govt. Of India
OASIS WORLD RECORDS
EST.SINCE 2022
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
BHARAT DHARMA RATNA AWARD
AKHAND BHARAT SAMMAN
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
BHARAT LEADERSHIP SAMMAN
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
BHARAT SHAURYA SAMMAN
UNIVERSAL PEACE AND SEVA AWARD
NOMINATE NOW
www.oasisworldrecords.com
NEW DELHI
26TH JULY 2026
8708565733

OASIS WORLD RECORDS AWARDS
NOMINATE NOW
BHARAT GLORY RATNA AWARD
NATIONAL GLORY AWARD
BHARTIYA RATNA AWARD
LOK SEVA RATNA AWARD
LIFETIME NATION SERVICE AWARD
NATIONAL EXCELLENCE AWARD
DR. A.P.J. ABDUL KALAM AWARD
UNIVERSAL PEACE & SEVA AWARD
BHARAT BHUSHAN SAMMAN
RASHTRA GAURAV SAMMAN
PARAM VIBHUSHAN SAMMAN
PARAM SEVA RATNA SAMMAN
BHARAT SEVA RATNA SAMMAN
LOK KALYAN RATNA SAMMAN
BHARAT SHAURYA SAMMAN
AKHAND BHARAT SAMMAN
www.oasisworldrecords.com
www.oasisnews.in
8708565733

ELEVATE YOUR BRAND
with the Best PR Agency in India.
360 DEGREE STRATEGIC MEDIA SOLUTIONS
PRESS RELEASES
PERSONAL INTERVIEWS
INTERNATIONAL MEDIA
PRESS CONFERENCES
PRINT MAGAZINES
TV PANELISTS
AWARD NOMINATIONS
GLOBAL SPEAKING
Visit Our Website
www.oasisnews.in
8708565733

दिल्ली के 4 स्कूलों और एक्सिस बैंक को बम से उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस का सर्च ऑपरेशन जारी

सोमवार सुबह राजधानी में उस समय हड़कंप मच गया, जब अलग-अलग इलाकों के 4 स्कूलों और एक बैंक को ईमेल के जरिये बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गईं और सभी स्थानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। सुबह करीब आठ बजे से साढ़े नौ बजे के बीच दिल्ली कैंट स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल, मयूर विहार का सलवान पब्लिक स्कूल, जनकपुरी का मीरा पब्लिक स्कूल, बल्लीमारान स्थित राबिया गर्ल्स स्कूल और बरामखंबा रोड स्थित स्टेट्समैन हाउस में एक्सिस बैंक को धमकी भरे संदेश मिले। धमकी मिलने के बाद स्कूल परिसरों को एहतियातन खाली कराया गया। छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया, जबकि बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने गहन तलाशी अभियान शुरू किया। बैंक परिसर की भी बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अब तक किसी भी स्थान से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई है। हालांकि, सुरक्षा के मद्देनजर सभी जगहों पर सर्च ऑपरेशन जारी है